महत्वपूर्ण एवं खास

15 लिटर कच्ची महुआ शराब जप्त

रायगढ़। पूंजीपथरा थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जगतराम चौहान के हमराह आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे तथा चन्द्र शेखर चन्द्राकर द्वारा आज मुखबिर सूचना पर तुमीडीह मार्ग टिभउडीह के पास सुबह करीब 09:15 बजे बिसाहू राम मांझी पिता पिरथी राम मांझी उम्र 58 वर्ष सा0 मांझीपारा तुमीडीह थाना पूंजीपथरा को टिभउडीह तरफ से एक प्लास्टिक बोरी एवं प्लास्टिक झोला के अंदर प्लास्टिक पन्नी में भरा कुल 15 लिटर कच्ची महुआ शराब को कंधे में रखकर अवैध बिक्री के लिए लेकर आते हुए पकड़े । आरोपी बिसाहू राम मांझी के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

स्कूल का सबमर्सिबल पंप व केबल वायर चोरी

रायगढ़। भूपदेवपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पंडरीपानी में स्थित पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर में लगे सबमर्सिबल पंप एवं केबल वायर करीब 200 फीट जुमला कीमती 35,000/- रूपये को 17 मई की रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट स्कूल के प्रधान पाठक धनीराम सिदार द्वारा थाना भूपदेवपुर में दर्ज कराया गया है । प्रधान पाठक ने बताया कि 15 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से स्कूल बंद कर दिये थे । 17 मई की सुबह 5/30 बजे स्कूल का रसोईया भोजराम साहू द्वारा मोबाइल से पम्प व केबल वायर चोरी होने का सूचना दिया । तब स्कूल आकर देखा और रिपोर्ट दर्ज कराया हूं । रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

दुकान के कांऊटर से नगदी की चोरी, सीसीटीवी से हुई आरोपी की पहचान

रायगढ़। कापू थाना अन्तर्गत ग्राम इंदकालो में रहने वाला पिताम्बार दास महंत पिता आरती दास महंत उम्र 49 वर्ष की ग्राम इंदकालो में मेन रोड विजयनगर में दुकान एवं मकान है । 20-21 मई की दरमियानी रात्रि पिताम्बर दास के दुकान के कांऊटर से किसी ने 5250 /- रूपये चोरी कर लिये । सुबह जब पिताम्बर दास को चोरी की जानकारी हुई तो उसने दुकान में लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे का फुटेज देखा जिसमें 21 मई की रात्रि 03ः44 बजे गांव का शेखर पिता अर्जुन कांऊटर से रूपये चोरी करता दिखा । प्रार्थी पिताम्बर दास की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना कापू में अप.क्र. 34/19 धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर हिरासत में लिया गया है ।

बनोरा में 25 को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

रायगढ़। जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम-बनोरा में 25 मई को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत बचाव के संबंध में 27 मई बैठक

रायगढ़। आगामी मानसून के मद्देनजर प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं बाढ़ राहत बचाव के संबंध में 27 मई को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष रायगढ़ में बैठक आहूत की गई है। बैठक में बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषय पर चर्चा की जाएगी।

भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए सैकड़ों कार्यकर्ता, लगे जिंदाबाद के नारे

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के मतगणना में अब तक आठवें राउंड का नतीजा आ चुका है। इस राउंड में भाजपा को 47 हजार से अधिक लीड मिल चुकी है, ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बीजेपी की बढ़त को देखते हुए भाजपा कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित होकर जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। वहीं आतिशबाजी कर मिठाई भी बांट रहे हैं। इसके अलावा भाजपा कार्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से भाजपाइ पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। जबकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहां कोई कांग्रेसी दिखाई नहीं दिए।

लोकसभा चुनाव के आठवें राउंड की स्थिति पर गौर करें तो भाजपा प्रत्याशी को अब तक तीन लाख 24 हजार 260 मत मिले हैं दूसरी और कांग्रेस को दो लाख 76 हजार 404 मत मिले हैं। वहीं काउंटिंग स्थल पर भी कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। काउंटिंग स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम है। पुलिस बल की तैनाती की गई है। आते-जाते लोगों की जांच की जा रही है।

सफाई कर्मी हड़ताल पर, अधिकारियों ने थामा झाड़ु

» रेलवे कर्मियों के हड़ताल से स्टेशन की सफाई व्यवस्था हुई चौपट

रायगढ़। रेलवे स्टेशन में आज अजीब वाक्या देखने मिला जब स्टेशन महाप्रबंधक व रेलवे के सारे अधिकारी खुद रेलवे परिसर की झाड़ू सूपा लेकर सफाई करने में जुटे हुए थे।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन में सफाई करने वाले कर्मचारी पिछले दो दिन से हड़ताल में है। उनके हड़ताल में जाने कारण पता किया गया तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों को प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी देने की बात की गई थी पर महीना भर काम कराने के बाद उन्हें 260 रुपये के हिसाब से भुगतान किया गया। जिससे वे काफी ज्यादा आक्रोशित है व काम नही करने का निर्णय लिया।

दो दिन से रेलवे परिसर में सफाई नहीं होने के कारण चारों तरफ गंदगी व कचरा देखने को मिल रहा था। गंदगी को खेलते देख रेलवे विभाग के अधिकारियों ने खुद सफाई करने का निर्णय लिया व सफाई कार्य में सुबह से ही जुट गए। आने जाने वाले राहगीरों ने इसको एक अच्छी पहल बताया पर उन्हें क्या पता कि अधिकारीगण किस कारण से सफाई कार्य में उतरे हैं। बहरहाल मजदूरों की भी तकलीफ वह उनके परेशानी को विभाग और ठेकेदारों को देखना चाहिए।

मजदूरों का सीधा आरोप ठेकेदार के ऊपर है कि उन्होंने झूठ बोलकर उनसे काम करवाया वह अभी भी अधिकारियों के साथ बाहर के लोगों को भेजकर सफाई करवा रहे हैं। यह स्थानीय व्यक्तियों के साथ यह सरासर अन्याय है। बाहरी व्यक्तियों के हि कारण स्थानीय लोगों को ठीक से रोजगार नहीं मिल पाता वह अपने परिवार का पालन पोषण हेतु उन्हें बाहर पलायन करना पड़ता है।

जेएसपीएल से कर वसूलने निगम ने कसी कमर

» निगम कमिश्नर ने डीआरएम को लिखा पत्र

रायगढ़। जेएसपीएल से निर्यात कर वसूलने नगर निगम काफी प्रयासरत है लेकिन जेएसपीएल प्रबंधन निर्यात कर देने को राजी नहीं हो रहा है। जेएसपीएल कानूनी भय बनाकर निगम को किसी तरह का सहयोग भी नहीं कर रहा है। नगर निगम ने जिंदल से रेल मार्ग से परिवहन होने वाले मासिक उत्पाद की जानकारी मांगी थी। लेकिन जिंदल की तरफ से किसी तरह का जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में नगर निगम आयुक्त ने संभागीय रेलवे प्रबंधक बिलासपुर को पत्र लिखकर रेल मार्ग से जिंदल द्वारा 6 साल में किए गए परिवहन की जानकारी मांगी है।

रायगढ़ नगर निगम में निर्यातकर प्रभावशील है। लेकिन नगर निगम सीमा से जुड़े होने के बाद भी जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड 6 वर्षो से निगम को निर्यात कर नहीं दे रहा है। बताया जाता है कि नगर निगम को तकरीबन 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात कर वसूलना है। जेएसपीएल ने जिंदल द्वारा किए गए निर्यात कर के निर्धारण को नकारते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। जहां जेएसपीएल कानूनी प्रक्रिया में उलझाकर नगर निगम को निर्यात कर देने से बचना चाह रही है। नगर निगम के पूर्व के अधिकारियों ने मामला हाई कोर्ट में लंबित होना बताकर कभी भी जिंदल से निर्यात कर वसूलने की कोशिश नहीं की। निर्यात कर वसूलने की जब भी बात आती निगम का राजस्व विभाग ही अधिकारियों को कोर्ट का भय दिखा देती थी।

महिला क्रिकेट के ट्रायल हेतु रजिस्ट्रेशन 5 जून तक

रायगढ़। बीसीसीआई के आदेश पर सीएससीएस के निर्देश पर जिला क्रिकेट संघ के द्वारा महिला क्रिकेट का ट्रायल संपन्न करवाया जायेगा, जिसमें नये नियमों के अनुसार पहले सीएससीएस की वेबसाइट पर पंजीयन करवाये जाना अनिवार्य कर दिया गया है। जिसके तहत पंजीयन गुरूवार से आरंभ किया जा रहा है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि महिला क्रिकेट के अंडर-19, अंडर-23 व सीनियर महिला खिलाडियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन आरंभ किया जा रहा है, जो जून माह के प्रथम सप्ताह तक किया जाना है। इसके लिये

जिला क्रिकेट संघ ने 5 जून की तिथि अंतिम रूप से रखी है। संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने जिले की महिला खिलाडियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की है ताकि जिले के महिला क्रिकेट को बढ़ावा मिल सके।

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि महिला क्रिकेट खिलाडियों को पंजीयन के लिये जन्मप्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज की फोटो, पिछले 5 वर्ष की शैक्षणिक प्रमाणपत्र लेकर जिला क्रिकेट संघ के पैलेस रोड स्थित कार्यालय में शाम 5 से 8 बजे तक पंजीयन करवा सकते हैं। महिला अंडर-19 के लिये उम्र की सीमा 1 सितंबर 2000 तथा महिला अंडर-23 के लिये उम्र सीमा 1 सितंबर 1996 रखी गई है। अर्थात इसके पूर्व के जन्म लिये खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा नहीं ले पायेंगे। यह भी स्पष्ट है कि ट्रायल के पूर्व ही ऑनलाईन पंजीयन करवाना अनिवार्य है अन्यथा बिना पंजीकृत हुए कोई भी खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा नहीं ले सकेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी रघुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय द्वारा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480